# दिनांक 24.06.2016 को आयोजित IFAD-ILSP की परियोजना प्रबन्धन समिति (PMC) की सातवीं बैठक का कार्यवृत्त

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना (ILSP) की प्रबन्धन समिति की सातवीं बैठक दिनांक 24.06.2016 को अपराह्न 5:00 बजे श्री एस॰ राजू अपर मुख्य सचिव/आयुक्त, वन एवं ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन एवं अध्यक्ष, परियोजना प्रबन्धन समिति, की अध्यक्षता में होटल इन्द्रलोक, देहरादून में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थिति का विवरण एवं कार्यवृत्त निम्नवत है:

उपस्थित सदस्यों /प्रतिनिधि का विवरण :–

1. परियोजना निदेशक, परियोजना समिति–जलागम प्रबन्ध निदेशालय (PS-WMD) श्री कपिल लाल।
2. अपर सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन, श्री युगल किशोर पन्त।
3. अपर सचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन, श्री अर्जुन सिंह।
4. अपर सचिव, उद्यान, उत्तराखण्ड शासन, श्री टी॰एस॰पंवार।
5. अपर सचिव, कृषि, उत्तराखण्ड शासन, श्री श्रीधर बाबू ए0।
6. अपर निदेशक, पर्यटन, श्री ए0के0द्विवेदी।
7. संयुक्त निदेशक, नियोजन, श्री डी0पी0देवरानी।
8. एस॰वी॰सी॰सी॰ (उपासक) के प्रतिनिधि श्री ए॰के॰ राजपूत, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उपासक।
9. मुख्य परियोजना निदेशक, CPCU-ILSP, श्री विजय कुमार।

उपरोक्त के अतिरिक्त परियोजना के प्रबन्धक व अधिकारी गणों द्वारा उक्त बैठक में प्रतिभाग किया गया।

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की प्रबन्धन समिति के सदस्य सचिव श्री विजय कुमार द्वारा प्रबन्धन समिति की सातवीं बैठक में सदस्यों की गणपूर्ति पूर्ण होने के क्रम में अध्यक्ष महोदय की अनुमति से उपस्थित सभी सदस्यों एवं विशेष आमंत्रिओं का स्वागत करते हुये एजेन्डा के अनुसार बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। बिन्दुवार बैठक का कार्यवृत्त निम्नवत् है:–

## कार्यसूची PMC: 7.01:

## एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना प्रबन्धन समिति की दिनांक 11.12.2015 को आयोजित छठी बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना प्रबन्धन समिति की छठी बैठक अपर मुख्य सचिव/आयुक्त, वन एवं ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में दिनांक 11.12.2015 को सम्पन्न हुई। उक्त बैठक का कार्यवृत्त पत्रांक 143/PMC-6/2015-16 दिनांक 29.12.2015 के माध्यम से सभी सदस्यों को प्रेषित किया गया। बैठक का कार्यवृत्त सुलभ संदर्भ हेतु सदस्यगणों के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया।

सदस्यगणों द्वारा उक्त कार्यवृत्त का अवलोकन कर पुष्टि की गई।

## कार्यसूची PMC: 7.02 :

## एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की दिनांक 11.12.2015 को आयोजित परियोजना प्रबन्धन समिति की छठी बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुपालन की स्थिति।

सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना प्रबन्धन समिति की दिनांक 11.12.2015 को आयोजित 6वीं बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा अनुपालन हेतु तात्कालिक बिन्दुओं को इंगित किया गया था। उक्त बिन्दुओं पर निर्देशानुसार कार्यवाही की जा चुकी है।

सदस्यगण द्वारा अनुपालन की स्थिति को संज्ञानार्थ लिया गया।

कार्यसूची **PMC: 7.03:**

## एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2015–16 के लक्ष्यों के सापेक्ष उपलब्धियों का विवरण।

सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2015–16 हेतु रू०129.82 करोड का वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट स्वीकृत किया गया था। जिसके सापेक्ष दिनांक 31.03.2016 तक रू.99.91 करोड़ की प्रगति की गई। उक्त प्रगति को Web based MIS मे देखा जा सकता है। MIS से सृजित मुख्य विवरण सदस्यों के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया। उपरोक्तानुसार प्रस्तुत की गई उपलब्धियों का घटक व उपघटकवार विवरण निम्न प्रकार है–

| Component | AWPB 2015-16 | Achievement (including beneficiary contribution) |
|---|---|---|
| **Sub-Component** | **Amount Rs.(000)** | **Amount Rs.(000)** |
| **FOOD SECURITY & LIVELIHOOD ENHANCEMENT** | | |
| Food Security & Scaling Up | 5,71,649 | 4,74,305 |
| Access to Market | 35,370 | 22,873 |
| Innovation Linkages | 18,700 | 11,178 |
| Vocational Training | 4,500 | 557 |
| Project Management Unit | 59,139 | 52,906 |
| **Sub Total** | **6,89,358** | **5,61,821** |
| **PARTICIPATORY WATERSHED MANAGEMENT** | | |
| Social Mobilisation | 39,426 | 38,180 |
| Watershed & Village Development | 1,89,832 | 1,77,978 |
| Food Security Enhancement Support | 72,474 | 59,262 |
| Livelihood upscaling | 13,500 | 8,676 |
| Institutional Strengthening | 30,128 | 17,163 |
| Project Management WMD | 67,928 | 55,970 |
| **Sub Total** | **4,13,289** | **3,57,232** |
| **LIVELIHOOD FINANCE – UPASaC** | | |
| Field Vehicles | 230 | 207 |
| Financial Initiatives | 1,205 | - |
| Risk Management | 861 | - |
| Banking Initatives | 3,858 | 1,291 |
| UPASaC & Bank Financing | 1,62,500 | 62,724 |
| UPASaC Management | 2,615 | 970 |
| **Sub total** | **1,71,270** | **65,193** |
| **PROJECT MANAGEMENT** | | |
| Central Project Coordination Unit | 2,902 | 1,304 |
| M&E and KM-UGVS | 17,798 | 11,612 |
| M&E and K M-WMD | 3,597 | 1,984 |
| **Sub Total** | **24,297** | **14,901** |
| **Grand Total** | **12,98,214** | **9,99,147** |

समिति उपरोक्तानुसार प्रगति से अवगत हुई।

**कार्यसूची PMC: 7.04:**

**<u>आइफैड के प्रतिनिधियों द्वारा दिनांक 16.05.2016 से 06.06.2016 के मध्य किये गये परियोजना के Mid Term Review पर चर्चा</u>**

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि अन्तर्राष्ट्रीय कृषि विकास निधि (IFAD) द्वारा वित्त पोषित एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना (ILSP) हेतु IFAD तथा भारत सरकार एवं राज्य सरकार के मध्य माह फरवरी 2012 को अनुबन्ध निष्पादित किया गया जिसके अनुसार परियोजना वित्तीय वर्ष 2012–13 से वर्ष 2018–19 तक कुल 07 वर्ष की अवधि के लिए स्वीकृत है। उक्त के क्रम में IFAD द्वारा परियोजना का Mid Term Review (MTR) दिनांक 16 मई 2016 से 06 जून 2016 के मध्य किया गया है। उक्त अवधि में आइफैड प्रतिनिधियों द्वारा परियोजना क्षेत्रों में भ्रमण कर परियोजना गतिविधियों की समीक्षा की गई एवं परियोजना के Stakeholder एवं शासन स्तर पर अधिकारीगणों के साथ बैठकें की गई। तदोपरान्त उनके द्वारा Aide Memoire की प्रति उपलब्ध करायी गई है जिसे सदस्यगणों के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया। सदस्य सचिव द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि रिव्यू मिशन द्वारा परियोजना अवधि को 2 वर्ष बढ़ाने की संस्तुति की गई है। एवं तद्नुसार Revised Cost Tab प्रेषित किया गया है। जिस पर राज्य सरकार के स्तर से भारत सरकार को औपचारिक अनुरोध प्रेषित किया जाना है। उक्त Aide Memoire में उल्लिखित Agreed Actions पर Agreed Date/समय सीमा के अन्तर्गत अनुपालन किया जाना है। Review के उपरान्त आईफैड के MTR मिशन द्वारा केन्द्रीय परियोजना समन्वयन इकाई (CPCU) में दों नये पदों के सृजन की संस्तुति/प्राविधान Aide Memoire में निम्नानुसार किया गया है :–

*"Strengthen the M&E and KM functions of CPCU-MIS need to be consolidated at CPCU level with input data formats finalized in consultation with PIAs-CPCU to take up M&E and KM related tasks of all three components which includes a standardized AOS and budget to be allocated accordingly."*

उपरोक्त के क्रम में आईफैड के MTR मिशन द्वारा उपलब्ध कराये गये Aide Memoire का सभी सदस्यों द्वारा अवलोकन किया गया तथा मिशन द्वारा **CPCU** हेतु **recommended** किये गये दो पदों (प्रबन्धक–**Planning/Monitoring & Evaluation & Knowledge Management** एवं प्रबन्धक–MIS) को स्वीकृत/अनुमोदन किया गया एवं निर्देशित किया गया कि उपरोक्त पदों हेतु 21.03.2014 के शासनादेश में PMU स्तर के प्रबन्धक हेतु स्वीकृत मासिक मानदेय रू.55,000 को वर्तमान में रखते हुए पूर्व में इसी प्रकार के स्वीकृत संबंधित पदों के ToR व शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव को **CPCU** के उद्देश्य एवं आवश्यकताओं के अनुरूप निर्धारण करते हुये उक्त पर आईफैड की सहमति प्राप्त कर पदों की ToR, शैक्षिक योग्यता व अनुभव एवं मासिक मानदेय को अंतिम रूप दिया जाये।

कार्यसूची **PMC: 7.05:**

## वित्तीय वर्ष 2016–17 के संशोधित वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना का Mid Term Review IFAD के दौरान आईफैड प्रतिनिधियों की परियोजना के कियान्वयन अभिकरणों, हितभागियों एवं शासन स्तर पर अधिकारीगणों की बैठकों में तथा मुख्य सचिव महोदय के साथ Wrapup बैठक में परियोजना के कियान्वयन एवं परियोजना लागत पर चर्चा की गई। तदोपरान्त मिशन द्वारा संशोधित परियोजना लागत निम्नानुसार निर्धारित की गई।

| **Project Cost** | | | **Amt. Rs.(000)** |
|---|---|---|---|
| **Particular** | **Apprisal Target (PIM)** | **After Restructuring** | **Post MTR** |
| **A. Food Security & Livelihood Enhancement** | | | |
| 1. Food Security & Scaling up | 12,25,018 | 20,17,442 | 18,63,263 |
| 2. Access to Market | 1,40,128 | 3,40,127 | 3,19,389 |
| 3. Innovation Linkages | 1,19,270 | 5,79,270 | 4,14,133 |
| 4. Vocational Training | 2,07,000 | 3,17,000 | 3,59,793 |
| 5. UGVS: Project Management Unit | 4,86,009 | 5,31,637 | 8,19,492 |
| **Sub Total Food Security & Livelihood Enhancement** | **21,77,425** | **37,85,476** | **37,76,071** |
| **B. Participatory Watershed Development** | | | |
| 1. Participatory watershed development | 47,10,320 | 23,62,358 | 23,57,360 |
| 2. Food security and scaling up | | | 4,17,454 |
| 3. Access to market | | | 52,945 |
| **Sub Total Participatory Watershed Development** | **47,10,320** | **23,62,358** | **28,27,759** |
| **C. Livelihood Finance** | **11,97,273** | **11,97,273** | **18,24,960** |
| **D. Project Management** | | | |
| 1. Central Project Coordinating Unit | 29,878 | 25,935 | 88,169 |
| 2. M&E and Knowledge Management UGVS | 89,478 | 89,484 | 1,27,380 |
| 3. M&E and Knowledge Management PSWMD | 81,368 | 81,371 | 41,685 |
| **Subtotal Project Management** | **2,00,724** | **1,96,790** | **2,57,234** |
| **G. Total** | **82,85,742** | **75,41,896** | **86,86,024** |

इस कम में सदस्य सचिव द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि दिनांक 28.01.2016 को परियोजना संचालन समिति की छठी बैठक में वित्तीय वर्ष 2016–17 हेतु एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना का वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट रू०188.60 करोड़ समिति द्वारा अनुमोदित किया गया था। आईफैड प्रतिनिधियों द्वारा Mid Term Review को परियोजना अवधि दो वर्ष बढ़ाये जाने के कम में चर्चा उपरान्त ILSP हेतु वित्तीय वर्ष 2016–17 का वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट को संशोधित किया गया है जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:--

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना

RAWPB - 2016-17

| Component | AWPB 2016-17 | | Financing Plan (Rs.000) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Sub-Component | Units | Amount (Rs.000) | GoUK | IFAD | Banks | Bene |
| Food Security & Livelihood Enhancement | 20,051 | 7,26,458 | 71,384 | 623935 | | 31,139 |
| Participatory Watershed Management | 5,176 | 5,98,288 | 97,257 | 458,179 | | 42,852 |
| Livelihood Finance - UPASaC | 359 | 2,40,359 | 37,526 | 22,833 | 1,80,000 | |
| Project Management | | | | | | |
| Central Project Coordination Unit | 97 | 12,523 | 3,248 | 9,276 | | |
| M&E and KM-UGVS | 574 | 24,319 | 3,834 | 20,485 | | |
| M&E and KM-WMD | 271 | 12,281 | 3,034 | 9,247 | | |
| Sub Total | 942 | 49,124 | 10,116 | 39,008 | | |
| TOTAL | 26,528 | 16,14,229 | 2,16,283 | 11,43,955 | 1,80,000 | 73,991 |

प्रस्तावित उपरोक्त बजट के मुख्य घटकों के अन्तर्गत उप घटकों आदि की Detailing तथा Procurement Plan संबंधित PIAs से प्राप्त होना शेष है। उक्त विवरण प्राप्त होने पर आइफैड की सहमति हेतु प्रेषित किया जायेगा।

इसी कम में प्रबन्ध निदेशक, उपासक द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि उपासक के Bank Financing के लक्ष्य MTR Mission द्वारा बढ़ा दिये गये हैं। इस पर समिति द्वारा निर्देश दिए गये कि Bank Financing का कार्य उपासक द्वारा प्रारम्भ कर लिया जाये तथा लक्ष्य संशोधन हेतु उक्त को आगामी आइफैड मिशन में प्रस्तुत किया जाये।

समिति को यह भी अवगत कराया गया कि दिनॉक 01.02.2012 को आईफैड व भारत सरकार के मध्य सम्पादित वित्तीय अनुबन्ध के Schedule1Part-II के पैरा 6.2 के अनुसार परियोजना प्रबन्धन समिति के द्वारा परियोजना के वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट का अनुमोदन किया जाना है। तदोपरान्त उक्त बजट को परियोजना स्टीयरिंग कमेटी के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया जायेगा।

**समिति द्वारा चर्चा उपरान्त उपरोक्तानुसार एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना हेतु वित्तीय वर्ष 2016–17 के संशोधित वार्षिक बजट रू0 161.42 करोड का अवलोकन कर अनुमोदन प्रदान किया गया।**

**उपरोक्त के साथ ही मुख्य परियोजना निदेशक द्वारा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सभी सदस्यों तथा उपस्थितगण प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक सम्पन्न होने की घोषणा की गयी।**

(एस॰ राजू)

अपर मुख्य सचिव/आयुक्त, वन एवं ग्राम्य विकास,
उत्तराखण्ड शासन एवं
अध्यक्ष, परियोजना प्रबन्धन समिति, ILSP

(विजय कुमार)

सदस्य सचिव, परियोजना प्रबन्धन समिति
एवं मुख्य परियोजना निदेशक, CPCU-ILSP

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना (IFAD-ILSP)
केन्द्रीय परियोजना समन्वयन इकाई (CPCU)
(ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन)
216, पंडितवाड़ी, फेज– ।।, देहरादून, उत्तराखण्ड, दूरभाष 0135–2773800


पत्रांक 71 / PMC-VII / 2016–17 दिनांक 30/06/2016

प्रतिलिपि :– निम्न को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन।
2. मुख्य परियोजना निदेशक एवं सचिव, जलागम देहरादून।
3. अपर सचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन।
4. अपर सचिव/निदेशक पंचायती राज, उत्तराखण्ड शासन।
5. अपर सचिव कृषि, उत्तराखण्ड शासन।
6. अपर सचिव, पशुपालन, उत्तराखण्ड शासन।
7. अपर सचिव, पर्यटन, उत्तराखण्ड शासन।
8. अपर सचिव, उद्यान, उत्तराखण्ड शासन।
9. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उपासक।
10. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यू॰एस॰एन॰आर॰एल॰एम॰, देहरादून।

30/06/2016

(विजय कुमार)

सदस्य सचिव, परियोजना प्रबन्धन समिति
एवं मुख्य परियोजना निदेशक, CPCU-ILSP